# मुख्यमंत्री ने पीआरडी के जवानों के लिए की पांच घोषणाएं

**स्थापना दिवस**

**8 प्रान्तीय रक्षक दल के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने परेड में शामिल होकर मान प्रणाम ग्रहण किया।**






**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने सोमवार को तपोवन रोड, देहरादून में प्रान्तीय रक्षक दल के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रैतिक परेड में शामिल होकर मान प्रणाम ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पीआरडी के घोष वाक्य ह्यअहमस्मि योधःह्व का लोकार्पण किया और पीआरडी स्वयं सेवकों के आश्रितों को सहायता राशि का वितरण भी किया।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पीआरडी. स्वयंसेवकों के रैतिक परेड में किए गए मार्च पास्ट को मनोहारी बताया। उन्होंने इस अवसर पर 05 घोषणाएं की। इनमें पी.आर.डी. स्वयं सेवकों को प्रत्येक 02 वर्ष पर 01 गर्म वर्दी एवं 01 सामान्य वर्दी विभाग से दी जाएंगी। पी.आर.डी. स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण एवं पुनर्प्रशिक्षण के समय दी जानी वाली वर्दी की दर 1500 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये की जाएगी। सभी पंजीकृत ड्यूटी पर तैनात पी.आर.डी. स्वयं सेवकों को होमगार्ड स्वयं सेवकों की भांति 200 रुपये प्रतिमाह ड्यूटी दिवस के अनुमानित में धुलाई भत्ता दिया जायेगा।
विकासखण्ड स्तर पर तैनात ब्लाक कमाण्डर एवं न्याय पंचायत स्तर पर तैनात हलका सरदार का मासिक मानदेय क्रमशः 600 रुपए एवं 300 से बढ़ाकर प्रतिमाह 1000 रुपये एवं 500 रुपये किया जायेगा। आपदा बचाव कार्य में तैनात पी.आर.डी. स्वयं सेवकों को 50 रुपये प्रतिदिन की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवक अपनी निरंतर सेवा और समर्पण भाव से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहयोग कर रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा कार्य, आपदा प्रबंधन और यातायात व्यवस्था में पीआरडी सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पी.आर.डी. स्वयंसेवकों के हित में कई कदम उठाए हैं।
पी.आर.डी. स्वयंसेवकों के मृतक आश्रितों के पंजीकरण हेतु शासनादेश जारी किया गया है।
उन्होंने बताया कि अभी तक 116 मृतक आश्रितों को पंजीकृत किया गया है। इनमें से 70 मृतकों के आश्रितों को रोजगार प्रदान किया गया है, जिसमें 25 महिलाएं भी शामिल हैं। प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष संशोधित नियमावली अगस्त 2023 में प्रख्यापित की गई है, जिसमें आर्थिक सहायता की धनराशि में वृद्धि करते हुए साम्प्रदायिक दंगों के दौरान ड्यूटी पर मृत्यु की दशा में देय एक लाख रुपये को बढ़ाकर 02 लाख किया गया है। इसके साथ ही अति संवेदनशील ड्यूटी में मृत्यु की दशा में देय 75 हजार रुपये को बढ़ा कर डेढ़ लाख रुपये किया गया है।
सामान्य ड्यूटी के दौरान मृत्यु की दशा में देय 50 हजार को बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है।
प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान के लिए भी संबंधित अधिकारी की संस्तुति पर अधिकतम 50 हजार रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे सीधे तौर पर पीआरडी जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भी पीआरडी स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया, जिसके सम्मान में सरकार ने 4651 पी.आर.डी. स्वयंसेवकों को पुरस्कार स्वरूप 6 हजार प्रति स्वयंसेवक प्रदान किये थे।
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा पिछले दो वर्षों से प्रान्तीय रक्षक दल का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पीआरडी स्वयंसेवकों के लिए अनेक सुविधा देने के प्रयास किये गये हैं। राज्य की चारधाम यात्रा, कांवड़ और समय-समय पर आई आपदाओं में पीआरडी स्वयं सेवकों द्वार अपने कार्यों के बल पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा ह्यकाऊह्व, विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण अमित सिन्हा, निदेशक युवा कल्याण जितेन्द्र सोनकर एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## भेल में कर रहे थे चोरी, माल समेत एक दबोचा, दो फरार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली रानीपुर पुलिस ने बीएचईएल से रोल कॉपर स्ट्रीप्स चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी के सात रोल कॉपर स्ट्रीपस बरामद कर दिए हैं।बीते रोज कोतवाली रानीपुर पुलिस को बीएचईएल के ब्लॉक-4 में गेट नं. 3 के अन्दर से चोरी की सूचना मिली। पुलिस ने सीआईएसएफ की मदद से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम इकराम अली पुत्र बुन्दु हसन निवासी राम रहीम कालोनी ईदगाह रोड कोतवाली ज्वालापुर, हरिद्वार बताया। जबकि उसके साथी आकाश व एक अन्य मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार आरोपित इकराम के कब्जे पुलिस ने चोरी किये 07 रोल कॉपर स्ट्रीप्स के बरामद किए। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप निरीक्षक ऋषिपाल की तहरीर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।

## 'पश्चिमी विक्षोभ का उत्तराखंड में विशेष असर नहीं'

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के मौसम विभाग ने अपने अनुमान में कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ का उत्तराखंड में विशेष असर नहीं होगा। सोमवार को पूरे प्रदेश का मौसम का पूवार्नुमान जारी करते हुए कहा कि मौसम करवट बदल रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ज्यादा असर नहीं होगा।
मौसम विभाग के डॉ. बिक्रम सिंह ने पूवार्नुमान जारी करते हुए मौसम विभाग बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उत्तराखंड में इसका कुछ ज्यादा असर देखने को नहीं मिल रहा है। हालांकि आज पहाड़ से लेकर मैदान तक जरूर बादल छाए हुए है। 12 दिसंबर को पहाड़ी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश और 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में छुटपुट बर्फबारी देखने को मिल सकती है, जिससे ठंड बढ़ने की संभावना दिखाई दे रही है।
डॉ. सिंह ने बताया कि 13 दिसंबर से मौसम साफ रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक उधम सिंह नगर और हरिद्वार जिलों में घना कोहरा छाए रहने की उम्मीद है।
उन्होंने बताया कि बारिश कि अगर बात करें तो इस सीजन में बारिश जिस मात्रा में होनी चाहिए थी, वह देखने को नहीं मिली।

## धू-धू कर जल रहा सेलखोला का जंगल



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्वी पिंडर रेंज देवाल का सेलखोला गांव का जंगल में दो दिन से आग लगी है। वनाअग्नि से जंगल धू-धू जल रहा है। दर्जनों हेक्टेयर जंगल जल कर राख हो गया है। हालांकि वन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी है।
रविवार दिन में अचानक विकास खंड देवाल मुख्यालय के सेलखोला के जंगल में आग लग धधकने लगी। जो धीरे-धीरे जंगल में आगे बढ़ गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पूर्वी पिंडर रेंज देवाल को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की प्रयास में लगे थे कि अचानक सोमवार को पुनः आग भड़क गई फिर जंगल में आग भड़क उठी। दो दिनों से जल रहे जंगल में लाखों की वन संपदा जल कर राख हो गई। वन विभाग की टीम आग पर काबू पाने में जुटी हुई है, लेकिन आग काफी भीषण होने के कारण आग पर काबू पाना कठिन हो रहा है। इधर, वन क्षेत्राधिकारी हरीश थपलियाल ने बताया है कि आग लगते ही वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया है।
टीम ने रविवार रात्रि को आग बुझा दी थी जो सोमवार को भी भड़क गई। आग बुझाने में वन कर्मी लगे हुए हैं। जल्द ही आग को बुझा दिया जाएगा।

## 22 को नंदादेवी की उत्सव डोली अपने ननिहाल से मायके कुरुड़ के लिए करेगी प्रस्थान



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
नंदा सिद्धपीठ देवराड़ा जो नंदादेवी का ननिहाल भी है यहां पर छह माह प्रवास करने के बाद अब 22 दिसम्बर को नंदादेवी की उत्सव डोली अपने मायके कुरुड़ के लिए प्रस्थान करेगी।
इसके लिए सोमवार को थराली में एक बैठक कर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें भुवन हटवाल को अध्यक्ष और विरेंद्र सिंह को सचिव चुना गया है। नंदा सिद्धपीठ देवराड़ा से नंदा धाम कुरुड़ के लिए रवाना होने के मौके पर देवराड़ा में दो दिवसीय मेला एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा।
थराली में आयोजित एक बैठक में नंदादेवी राजराजेश्वरी कमेटी का गठन करते हुए अध्यक्ष एवं सचिव के अलावा त्रिलोक सिंह रावत और विनोद रावत को संरक्षक, शौर्य प्रताप सिंह रावत, भुपाल सिंह गुसाईं, गौरी देवी को उपाध्यक्ष, लाल सिंह गुसाईं को सह सचिव, पंचम सिंह गुसाईं को कोषाध्यक्ष, प्रेम सिंह रावत, अनिल देवराड़ी, महिपाल सिंह भंडारी, अब्बल सिंह गुसाईं, मोहन प्रसाद देवराड़ी, मोहन बहुगुणा, मेहरवान सिंह सैजवाल, जीत सिंह फरस्वाण, संतोष बुटोला, सुजान सिंह, नरेंद्र बुटोला को सक्रिय सदस्य, एडवोकेट देवेंद्र रावत, महेश शंकर त्रिकोटी, हरपाल गुसाईं, हरेंद्र सिंह, प्रेम फरस्वाण, कमला फरस्वाण, रेखा देवी, लक्ष्मण सिंह रावत को मार्ग दर्शक मंडल के लिए चुना गया।
बैठक में बताया गया कि इस बार पहली बार 21 दिसम्बर से देवराड़ा में नंदा मेले का आयोजन किया जाएगा जो कि 22 दिसम्बर को नंदा के उत्सव डोली की विदाई पर समाप्त होगा। 21 को रात्रि जागरण भी होगा, जिसे

## चमोली जिले के गौचर मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के गौचर के खेल मैदान में सोमवार से युवा कल्याण के तत्वाधान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन गौचर नगर पंचायत की निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष अंजू बिष्ट और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने किया।
जिला युवा कल्याण अधिकारी से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि निर्वतमान नगर पालिका अध्यक्ष अन्जु बिष्ट और जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने कहा इस प्रकार के खेलों का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। जिला युवा कल्याण अधिकारी दीपक बिष्ट ने कहा सरकार का जो खेल महाकुंभ का आयोजन का उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को प्रतिभा करने का मौका मिले और वह खेलों में देश का नेतृत्व करेंगे।
खेल महाकुंभ के प्रथम दिवस पर छह मीटर दौड़ में विकासखंड नारायणबगड़ के अमन ने प्रथम, गैरसैंण के भगतसिंह ने द्वितीय, देवाल के मयंक नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
आठ सौ मीटर दौड़ में कर्ण प्रयाग विकासखंड के आयुष चैधरी प्रथम विकासखंड पोखरी की पंकज सिंह द्वितीय, देवाल के सौरभ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विनोद सिंह नेगी, संदीप बिष्ट, अनिल नेगी, नवीन चंद्र टाकुली, जिला पंचायत लक्ष्मण सिंह बिष्ट, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कर्णप्रयाग संदीप पन्त, संदीप सिंह रमेश सिंह आदि मौजूद थे।

## तस्करी कर ले जाई जा रही शराब बरामद, आरोपित फरार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हथियारों समेत घर में घुसकर परिवार पर जान से मारने की नीयत से हमला करने के तीन और फरार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इससे पूर्व तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने आरोपितों का चालान कर दिया है।
जनपद के ग्राम खाताखेड़ी थाना झबरेड़ा हरिद्वार निवासी सुखवीर पुत्र तुलसी ने 4 अगस्त को उसके घर में हथियारों सहित घुसकर उसके भाई व परिवार के सदस्यों के साथ मारपिटाई, गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी देते हुए जानलेवा हमला करने के संबंध में ग्राम खाताखेडी झबरेड़ा निवासी 06 नामजद आरोपितों ललित पुत्र चंद्रपाल उर्फ चन्दर, तेजपाल पुत्र कल्लू, मिन्दर पुत्र प्रकाश, सोनू पुत्र कवल, मोनू पुत्र कवल व पंकज पुत्र जगदीश के विरुद्ध बलवे सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।
विवेचना के दौरान पुलिस ने मुकदमे में धारा 307 व 325 की बढ़ोत्तरी की थी। नामजद आरोपित ललित, तेजपाल व मिन्दर को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।
पुलिस ने तीन अन्य फरार आरोपितों सोनू पुत्र, मोनू पुत्रगण कवल व पंकज पुत्र जगदीश निवासीगण ग्राम खाताखेड़ी झबरेड़ा हरिद्वार को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस ने आरोपितों का चालान कर दिया है।

## मंत्री महाराज ने की बीकेटीसी सेवा नियमावली और टिहरी झील रिंगरोड परियोजना की समीक्षा



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पर्यटन और धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री महाराज नेबद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की नियमावलियों पर चर्चा के साथ-साथ संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक और टिहरी झील प्रोजेक्ट की अभी तक की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान राजकीय मेलों को मिलने वाले अनुदान के शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए।
सोमवार को गढ़ी कैण्ट स्थित पर्यटन विकास परिषद में प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की नियमावलियों पर चर्चा करने के साथ-साथ संस्कृति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में प्रस्तावित कर्मचारी सेवा नियमावली पर चर्चा करने के साथ-साथ मंदिर समिति में कार्यरत हक-हकूकधारियों, डिमरी, पुजारीगण, समालिया, भण्डारी आदि पदों के संबंध में विचार किया गया।
बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की बैठक के पश्चात संस्कृति मंत्री महाराज ने अधिकारियों को संस्कृति विभाग में कलाकारों के लम्बित भुगतानों को शीघ्र करने और राजकीय मेलों को मिलने वाले अनुदान का भुगतान किए जाने के भी निर्देश दिए।पर्यटन मंत्री ने 7708.27 करोड़ की लागत से झील के चारों ओर रिंगरोड के लिए फिजीबिलिटी, संरेखण, सर्वेक्षण, भूमि अधिग्रहण की अभी तक की प्रगति की भी समीक्षा की। महाराज ने बताया कि टिहरी जलाशय के 42 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में चारों ओर सम मोटर मार्ग के निर्माण और मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए 234.60 किमी रिंगरोड के लिए 214.60 किमी भूमि जिसकी अनुमानित लागत 124.96 करोड़ है का निर्माण किया जाएगा।

## गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में में चल रहा भारतीय भाषा उत्सव हुआ




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में चल रहे भारतीय भाषा उत्सव का आज हो गया। सुप्रसिद्ध तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती के जन्मदिवस को आज भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया गया। भारतीय भाषा, कला और संस्कृति प्रकोष्ठ के तत्वाधान में भाषा उत्सव के अवसर पर विचार गोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन मुख्य परिसर में किया गया।
इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में भारतीय भाषाएं एक पुष्पदल के समान हैं, जिसके हृदय में हिन्दी विद्यमान है। उन्होंने कहा कि भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है और भारतीय भाषाओं के प्रति आत्मविश्वास विकसित करने के गुरुकुल बहुत बड़ी भूमिका निर्वहन कर सकता है।
अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि देश की प्रादेशिक भाषाओं का अपना एक मौलिक सौंदर्य है उनमें भावाभिव्यक्ति सहज और सरल है। प्रो. शतांशु ने कहा कि भारतीय भाषाओं के उन्नयन के लिए प्रकोष्ठ के माध्यम से अधिक आयोजन किए जाने चाहिए उन्होंने उपस्थित छात्रों से आह्वान किया कि वे बहु भाषा ज्ञान की दिशा में गंभीरता से अध्ययन करें।
कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा भारतीय भाषा उत्सव के माध्यम से हमें अपनी भाषायी अस्मिता को जानने का अवसर मिलता है और हम भारतीय भाषाओं के दैनिक जीवन में प्रयोग को लेकर अधिक आत्मविश्वासी होनी आवश्यकता है। भारतीय भाषा, कला और संस्कृति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. ब्रह्मदेव ने कहा कि भारतीय भाषाओं की शब्द शक्ति प्रभावशाली है और लिपि के रूप में ये अधिक वैज्ञानिक हैं।
प्रो. ब्रह्मदेव ने संस्कृति की व्यापक समझ के लिए भाषा को महत्वपूर्ण बताया। संचालन डॉ. हिमांशु पंडित व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अजित तोमर ने दिया।
इस अवसर पर प्रो. एल. पी. पुरोहित, प्रो. सत्यदेव निगमालंकार, प्रो अम्बुज कुमार शर्मा, प्रो. मृदुल जोशी, डॉ. दीपा गुप्ता, डॉ. मनीला ,डॉ. बबलू वेदालंकार, डॉ. सुनील कुमार , हेमंत सिंह नेगी, मयंक कुमार, रमेश चन्द्र सहित विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अल्टो कार से तस्करी कर ले जाई जा रही शराब बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पथरी थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान तस्कर कर लाई जा रही शराब को पकड़ा। पुलिस ने इस मामले में तस्करी में प्रयुक्त कार को भी कब्जे में लिया, जबकि तस्कर मौका पाकर भागने में कामयाब रहे। मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पथरी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अल्टो कार को रोकने का प्रयास किया तो पुलिस चैकिंग देखकर कार सवार मौके पर ही अपनी कार छोड़कर भाग गए। तलाशी लेने पर कार से 09 पेटी देशी शराब व 02 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

# सचिव ने जनपद चमोली में विकास कार्यों को लेकर ली समीक्षा बैठक

**निर्देश**

8 -अंतर विभागीय समन्वय के साथ विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के दिए निर्देश



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड, भाषा विभाग के सचिव विनोद प्रसाद रतूड़ी ने सोमवार को जनपद चमोली में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति समीक्षा करते हुए जनपद के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की।
सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ योजनाओं को कन्वर्जेन्स के माध्यम से विकास कार्यो को गति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि विकास एक क्रमिक तथा निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है। गत वर्षों में किए गए कार्यों का आंकलन करते हुए और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। नगरीय क्षेत्रों में पार्किंग निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करें। साहसिक पर्यटन के तहत रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, फिश एग्लिंग के लिए प्रोजेक्ट तैयार किए जाए। होम स्टे को प्रमोट करें।
उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सिंचित कृषि क्षेत्रफल बढ़ाया जाए। कृषि, उद्यान और मत्स्य विभाग की योजनाओं को मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से कन्वर्जेन्स करते हुए किसानों को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया करायी जाएं ताकि उत्पादन बढ़ने से किसानों की आय बढे.। उरेडा के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए सचिव ने कहा कि ग्रीन ऊर्जा को बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। इस दौरान सचिव ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्राम्य विकास की योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के अंतर्गत रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी ली।
बैठक में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बीस सूत्री कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई।

# बीएचईएल ने जीते गवर्नेंस नाउ पीएसयू आईटी पुरस्कार-2023

**विजेता**

8 बीएचईएल को वर्ष 2023 के लिए तीन गवर्नेंस नाउ पीएसयू आईटी पुरस्कारों का विजेता चुना गया है।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समर्पित नवाचार और उत्कृष्टता के लिए बीएचईएल को वर्ष 2023 के लिए तीन गवर्नेंस नाउ पीएसयू आईटी पुरस्कारों का विजेता चुना गया है। गवर्नेंस नाउ पीएसयू आईटी पुरस्कार आईटी में सार्वजनिक उपक्रमों के प्रयासों और उत्कृष्टता का सम्मान करने के लिए दिए जाते हैं। कंपनी को एक स्वतंत्र जूरी द्वारा सर्वसम्मति से




साइबर सुरक्षा और डेटा संरक्षण, आईटी नवाचार और सॉफ्टवेयर विकास एवं उत्कृष्टता की श्रेणियों में पुरस्कार के लिए चुना गया। पुरस्कार जेपी श्रीवास्तव, निदेशक (ई,आर एंडडी) और निदेशक (वित्त) अतिरिक्त प्रभार ने कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी डॉ. विक्रम सिंह से प्राप्त किये।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यसभा सदस्य डा.नरेश ने संसद में उठाया खेल सुविधाओं की व्यवस्था का मुद्दा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सांसद राज्य सभा डा. नरेश बंसल ने संसद में देवभूमि उत्तराखंड में अंतराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से जनहित में आग्रह किया कि उत्तराखंड में विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं और कोचिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने विशेष उल्लेख में यह महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया।
राज्य सभा सदस्य डा. बंसल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सीमांत क्षेत्र होने ने साथ ही पूरे भारत के मुकुट के रूप विराजमान है, जिसमें हिमालय,चारधाम,जीवनदायिनी नदियां और वन है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के निवासी बहुप्रतिभा का धनी है। उत्तराखंड ने संस्कृति, साहित्य,ज्ञान, विज्ञान, वीरता और खेल में पूरे देश को बहुत सारे रत्न दिए हैं।यहां से लगभग हर घर से एक जन भारतीय सेना मे शामिल हो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दे रहे हैं। अन्य सरकारी गैर सरकारी पदों पर सेवा दे रहे हैं।
उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सुदूर सीमांत हिमालय क्षेत्र के वासियों की पीड़ा सुनकर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने यह राज्य दिया और मोदी के ओजपूर्ण कुशल नेतृत्व मे डबल इंजन की भाजपा सरकार इसे नित संवार रही है। प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड प्रेम जग जाहिर है। मोदी सरकार में उत्तराखंड का सर्वांगीण विकास हो रहा है।
उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को खेलों का हब बनाया जाए। यहां साहसिक क्रीड़ा जिसमें बछेन्द्री पाल जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की महिला पर्वतारोहण को दिया है। हिमक्रीड़ा, जल क्रीड़ा, कुश्ती, बाक्सिंग, बैडमिंटन और क्रिकेट में महेन्द्र सिंह धोनी, ऋषभ पंत, उन्मुक्त चंद, मनीष पांडे आदी, निशानेबाजी में जसपाल राणा, अभिनव बिंद्रा रहे हों, चाहे एकता बिष्ट रही हों, हेमलता काला, चंद्रप्रभा एतवाल, मेजर हर्षवर्धन, पद्मबहादुर मल बाक्सिंग में रहे हों। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने राष्ट्र ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने उत्तराखंड को अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं दिलाने की मांग की ताकि यहां के खिलाड़ी और प्रभावी भूमिका निभा सकें।

### देश के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं : प्रो. सोमदेव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सभागार में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार सहित विभिन्न शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के लांच किए गए विकसित भारत 2047 आइडियाज पोर्टल के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऑनलाइन संबोधन को सुना।
इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि शिक्षित व देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत युवा ही देश को समृद्ध व विकसित बनाने की दिशा में अग्रसर हो देश को प्रगति के पथ पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत युवा शक्ति के रूप में अपनी पहचान रखता है। हमारे देश के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है।
कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवा प्रतिभाओं को आगे आकर अपनी प्रतिभा के अवसर दिखाने के विभिन्न सुअवसर प्राप्त हो रहे हैं। ऐसे में युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान, तकनीकी तथा कौशल सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश के युवा आगे आकर देश दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। आने वाले दिनों में भारत दुनिया का नेतृत्व कर विश्व पटल पर भारत के फहराने की दिशा में अग्रसर होगा।
प्रो. एलपी पुरोहित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के पथ पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय निरन्तर अग्रसर हो युवाओं को शिक्षित व संस्कारित करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने अन्दर की प्रतिभाओं को उभारने के लिए आगे आकर पहल करे। विश्वविद्यालय इस दिशा में उन्हें हर संभव सहयोग करेगा। इस अवसर पर प्रो. सत्यदेव निगमालंकार, प्रो. रामप्रकाश वर्णी, प्रकाश तिवारी, सचिन पाठक, डा. मनोज सहित विभिन्न छात्र-छात्राओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रो. कर्मजीत भाटिया, प्रो. मृदुला जोशी, प्रो. राकेश जैन, शशिकान्त शर्मा, कुलदीप, रूपेश पन्त, डा. विपुल भट्ट, डा. महेन्द्र असवाल, डा. अजीत तोमर, डा.

## हत्या के इरादे से पिता पर चाकू से वार कर किया था घायल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पिता की हत्या की नीयत से चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपित कलयुगी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है।
जानकारी के मुताबिक जनपद के मंगलौर के ग्राम हरजौली जट निवासी इलियास ने 9 दिसम्बर पर अपने पुत्र अमजद पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल करने के संबंध में कोतवाली मंगलौर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपित की गिरफ्तार के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय ने परीक्षा आवेदन पत्रों के लिये फिर से खोला पोर्टल

**पोर्टल**

8 उल्लेखनीय है कि इससे पहले 6 से 9 दिसंबर तक भी पोर्टल को पुनः खोला गया था।

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय का स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विषम पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के लिये परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिये पोर्टल एक बार फिर से मंगलवार 12 दिसंबर को सुबह 10 से 5 बजे तक खोला जायेगा।
बताया गया है कि स्नातकोत्तर के तृतीय सेमेस्टर की मुख्य व बैक परीक्षा, स्नातक के पुराने पाठ्यक्रम




के प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर तथा मुख्य व बैक परीक्षा एवं एनईपी के अंतर्गत स्नातक के तृतीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा, स्नातक की स्पेशल बैक परीक्षा व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के तीसरे, पांचवे, सातवें व नौवें सेमेस्टर की मुख्य व बैक परीक्षाओं के लिए पोर्टल को खोला जायेगा।
उल्लेखनीय है कि इससे पहले 6 से 9 दिसंबर तक भी पोर्टल को पुनः खोला गया था।
कुमाऊं विवि ने सोमवार को परीक्षा सत्र 2023 में पंजीकृत विद्यार्थियों की इंटीग्रेटेड बीएससी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीए एलएलबी व दो वर्षीय एमबीए के दूसरे सेमेस्थ्र की व्यवसायिक परीक्षाओं के पंजीकृत परीक्षार्थियों के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विवि के प्रभारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजीव कुमार की ओर से बताया गया है कि परीक्षा परिणाम विवि की आधिकारिक वेबसाइट केयूएनटीएल डॉट नेट पर लॉग इन करके अथवा अपने परिसर या महाविद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# दुष्कर्म का फरार आरोपित भेष बदल कर रह रहा था, पुलिस ने दबोचा

**गिरफ्तार**

8 कोतवाली लक्सर ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली लक्सर ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।
आरोपित पुलिस ने बचने के लिए भेष बदलकर लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस को आरोपित के दिल्ली में रहने की जानकारी मिली। आरोपित पुलिस से बचने के लिए भेष बदलकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपित के ठिकाने पर दबिश देकर उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम वसीम पुत्र हसीन निवासी जलालाबाद बिजनौर उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

## टीम वर्क का सार प्रस्तुत करता है खो-खो: रविन्द्र पुरी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, बादशाहीथॉल, टिहरी-गढ़वाल की अन्तर्महाविद्यालयी खो-खो चौम्पियनशिप के समापन पर ऋषिकेश कॉलेज व एसएमजेएन कॉलेज के मध्य अन्तिम फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया, जिसमें कड़े और रोमांचक संघर्ष के बाद छात्र व छात्रा चौम्पियनशिप श्री देव सुमन विश्वविद्यालय परिसर, ऋषिकेश की टीम ने प्राप्त की। इस अवसर पर श्री महन्त रविन्द्र पुरी महाराज, अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व कॉलेज प्रबन्ध समिति ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं की।

# भाजपा का सशक्तिकरण अभियान हुआ




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी और मंडल सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन रानीपोखरी में जिला युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित बिजल्वान के नेतृत्व में आयोजित हुआ।
मुख्य अतिथि शहरी विकास एवं वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अपने स्वर्णिम काल की और अग्रसर है,आने वाला भविष्य युवाओं का है। प्रदेश के युवाओं में अच्छाई और सकारात्मकता परखने की क्षमता है उन्होंने कार्यकताओं को एक बूथ दस यूथ का मंत्र दिया। विशिष्ट अतिथि डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि कई महानुभावों के त्याग और तपस्या के बाद ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी हुई है। उन्होंने कार्यकताओं से आने वाले लोकसभा चुनाव में संगठित होकर काम करने का आह्वान किया है। बिना किसी भेदभाव के केंद्र और राज्य की सभी जनकल्याण योजनाओं को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जा रही।
जिला सहप्रभारी नलिन भट्ट और जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है ,2024 के लोकसभा चुनाव में इस बार 400 से अधिक सीटें जीतने के लक्ष्य को भाजयुमो के कार्यकर्ता पूरा करेंगे और फिर एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होंगे।
कार्यक्रम में महामंत्री शिवम टुटेजा, जिला उपाध्यक्ष प्रतीक कालिया, मीडिया प्रभारी सुजीत यादव,रानी पोखरी मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रानी पोखरी नरेश रावत, मनिंदर सिंह, आशीष कंडारी, रमन अग्रवाल, जगवार सिंह, सुबोध नौटियाल, सुभाष रावत, संदीप शर्मा,त्रिलोक परमार, मनीष भट्ट, शुभम रावत, सागर गिरी, रवि कुमार,अंकित बहुखंडी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
काशीपुर संकुल, काशीपुर में सोमवार को तीन दिवसीय विद्यालय प्रबंधन समिति को प्रशिक्षण दिया गया।
एसएमसी में अध्यक्ष,सदस्य को लेकर आज स्कूलों के प्रधानाचार्य को प्रशिक्षण बताया गया कि इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास में शिक्षकों के साथ माता-पिता की भूमिका भी अहम होती है।
इसमें बताया गया कि शिक्षा सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त करने का एक मात्र और सबसे प्रभावी साधन है। समता मूलक और समावेशी शिक्षा न सिर्फ स्वयं में एक आवश्यक लक्ष्य है बल्कि क्षमतामूलक और



समावेशी समाज निर्माण के लिए भी अनिवार्य कम है। इसमें प्रत्येक नागरिक को अपने संजोने, विकास करने और राष्ट्रहित में योगदान करने के लिए अवसर उपलब्ध हो। स्कूली शिक्षा में पहुंचे, सहभागिता और अधिगम परिणामों में सामाजिक श्रेणी के अंतरालों को दूर करना सभी शिक्षा क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य होगा।सुरेश सिंह प्रभारी सीआरसी समन्वयक काशीपुर नगर क्षेत्र ने बताया गया कि 37 विद्यालयों के अध्यक्ष,सदस्य और प्रधानाचार्य को तीन-तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो कि हम लगभग 6 बार में कंप्लीट करेंगे। अनिल कुमार शर्मा और सुरेश सिंह के प्रशिक्षण के दौरान अध्यक्ष सदस्य और प्रधानाचार्य को बच्चों के समग्र विकास के बारे में पूर्ण जानकारी दें।
रामेंद्र कुमार ओझा प्रधानाचार्य राजकीय राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर इस प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि प्रयासरत हम एसएमसी सभी अध्यक्षों, सदस्यों और प्रधानाचार्य को प्रशिक्षण में व्यक्तिगत बुलाकर प्रशिक्षण देने का प्रयास कर रहे हैं।

# परमार्थ निकेतन में आयोजित हुआ योग में फाउंडेशन कोर्स

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
परमार्थ निकेतन में आयोजित योग में फाउंडेशन कोर्स का समापन हुआ। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में भारत सहित इटली, जर्मनी, स्पेन, नार्वे, अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा आदि देशों से आये योग प्रतिभागियों को स्वामी के आशीर्वाद स्वरूप रुद्राक्ष की माला और सर्टिफिकेट्स भेंट किये गये।
स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने विश्व के अनेक देशों से आये जिज्ञासुओं को योग के साथ प्रकृति योग का संदेश देते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर प्रकृति, संस्कृति और संतति कि लिये कार्य करना होगा।



योग के साथ सभी को जंगल, जमीनें तथा प्राकृतिक संसाधन के लिये कार्य करना होगा क्योंकि प्रकृति स्वस्थ तो राष्ट्र स्वस्थ और समृद्ध।
परमार्थ निकेतन में योग में फाउंडेशन कोर्स के माध्यम से भारतीय संस्कृति, दर्शन, पंचकोश सिद्धान्त, सांख्य योग, समख्य दर्शन, पुरुष- प्रकृति, बंधन और मुक्ति, अष्टांग योग, हठयोग, योग के अनुप्रयोग, यौगिक आहार व जीवन शैली व समग्र स्वास्थ्य आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही योग प्रशिक्षक प्रार्थना, प्राणायाम, यज्ञ, योग दर्शन, वैदिक मंत्र उच्चारण, दर्शन, ध्यान, सत्संग व गंगा आरती के माध्यम से योगी यौगिक व आध्यात्मिक दिनचर्या को आत्मसात कर रहे हैं।
स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने विश्व के अनेक देशों से आये योग जिज्ञासुओं को योग को आत्मसात करने का संदेश देते हुए कहा कि योग अर्थात ह्यएक्यह्न या ह्यएकत्वह्न व जोड़नाह्न है, जो विभिन्न संस्कृतियों व राष्ट्रों को आपस में जोड़ता है। गीताजी में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है ह्यह्ययोगः कर्मसु कौशलम्ह्नह्न अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है। व्यावाहरिक स्तर पर योग शरीर, मन और भावनाओं में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का एक सर्वश्रेष्ठ साधन है।
विश्व के अनेक देशों से आये योगियों को योग के प्रसिद्ध ग्रंथ पतंजलि द्वारा रचित योगसूत्र एवं वेदव्यास द्वारा रचित योगभाण्य, नागेश भट्ट द्वारा रचित योग सूत्रवृत्ति आदि के माध्यम से योग की जानकारी प्राप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग के आठ आयामों के यम, नियम, आसन, प्रणायाम, धारणा, ध्यान, प्रात्याहार, समाधि के साथ जीवन के सभी आयामों से प्रकृति, पर्यावरण व अपने राष्ट्र की सेवा करें। योग के माध्यम से जीवन शक्ति एवं अपनी ऊर्जा को नियंत्रित कर उसे मानवता की सेवा हेतु समर्पित करें।

# नाबालिग से किया था दुष्कर्म, गिरफ्त में

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
ज्वालापुर के मोहल्ला अहबाब नगर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दिलशाद पुत्र जमशेद निवासी कासमपुर बुडाहेडी थाना पथरी द्वारा दुष्कर्म करने व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था।
मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपित दिलशाद पुत्र



जमशेद निवासी कासमपुर बुडाहेडी थाना पथरी को बुक्कनपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

